DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
PERIODIC ASSESSMENT-I (2022-23)

- Please check that this question paper contains **03** printed pages.
- Check that this question paper contains **06** questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.

CLASS : VIII

SUB : HIGHER HINDI

Time Allowed: 1½ Hours **Maximum Marks : 40**

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्न पत्र में कुल 4 खंड हैं - क, ख, ग और घ।
- प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न का उचित क्रमांक अवश्य लिखें।

खंड - 'क' (अपठित बोध)

Q1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×5=5)

ग्लोबल वार्मिंग की समस्या निरंतर बढ़ती जा रही है । इस समस्या का कारण मनुष्य ही है । आने वाली पीढ़ी चैन से साँस लेने के बजाय अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष करती नज़र आएगी । इक्कीस ऐसे औद्योगिक देश हैं जो वायुमंडल में लगभग अस्सी प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं, जिनमें अमेरिका सर्वोपरि है । बढ़ते तापमान का दूरगामी परिणाम हमारे देश की जीवन रेखा कहलाने वाले मानसून पर दिखाई पड़ने लगा है। अब पता नहीं चलता कि वर्षा कब आएगी और कितने समय रहेगी। तापमान बढ़ने से हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने की दर तेज़ी से बढ़ रही है । इससे नदियों में ज़्यादा पानी आएगा जो

बाढ़ की मुसीबत पैदा करेगा और फिर नदियाँ हमेशा के लिए सूख जाएँगी । गंगा को जीवनदान देने वाला गंगोत्री ग्लेशियर तीस मीटर सालाना की दर से सिकुड़ता जा रहा है । जल स्तर में बढ़ोतरी के साथ-साथ समुद्रीय जल का तापमान भी बढ़ता जा रहा है । भौगोलिक परिवर्तन के साथ-साथ ग्लोबल वार्मिंग से जैव मंडल भी काफ़ी प्रभावित हो रहा है । न सिर्फ स्थलीय और जलीय जीव-जंतुओं में बल्कि वनस्पतियों में भी कई परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं ।

(क) ग्लोबल वार्मिंग की समस्या का मूल कारण कौन है ?

(ख) वायुमंडल में अस्सी प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ने वाले कितने औद्योगिक देश हैं ?

(ग) तापमान बढ़ने का कोई एक प्रभाव लिखिए ?

(घ) ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से किस-किस पर परिवर्तन दिखाई दे रहा है ?

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए ?

खंड - 'ख' (व्याकरण)

Q2. (क) निम्नलिखित शब्द में अनुस्वार अथवा अनुनासिक चिह्न का सही प्रयोग कीजिए । **(1)**

जाऊगा

(ख) निम्नलिखित शब्द का लिंग बदलिए। **(1)**

भवदीय

(ग) निम्नलिखित शब्द में 'र्' के रूप का सही प्रयोग कीजिए। **(1)**

आशीवाद

(घ) निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द लिखिए। **(1)**

हर्ष

(ङ) निम्नलिखित तत्सम शब्द का तद्भव रूप लिखिए। **(1)**

नासिका

(च) निम्नलिखित शब्द से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए। **(1)**

प्रारंभिक

(छ) निम्नलिखित शब्द के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(2)**

अरमान

(ज) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए। **(2)**

दंग रह जाना

खंड - 'ग '(पाठ्यपुस्तक)

Q3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(1×6=6)**

(क) किसके बंधन में रहकर पक्षी उड़ना भूल गए हैं ?

(ख) लेखक की पत्नी क्यों परेशान थी ?

(ग) दारा से कौन ईर्ष्या करते थे ?

(घ) दारा कौन से देश का रहने वाला था?

(ङ) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के कवि कौन हैं ?

(च) भाभी की प्राण-चिरैया किसमें अटकी रही?

Q4. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **(2×5=10)**

(क) पड़ोसी की केबल का तार काटने को लेकर लेखक क्या तर्क देते हैं ?

(ख) दरबारियों ने दारा के खिलाफ़ शाह से क्या कहा?

(ग) लेखक ने व्यक्ति और देश के पड़ोसियों की तुलना क्यों की है ?

(घ) शाह ने दारा को गवर्नर बनाकर क्यों भेजा?

(ङ) किस कारण पक्षियों के पंख टूट जाएँगे ?

Q5. निम्नलिखित प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए। **(4×1=4)**

ईर्ष्या करना उचित है या अनुचित ? मन में ईर्ष्या का भाव उत्पन्न न हो, इसके लिए आप क्या करेंगे ?

खंड - 'घ' (सृजनात्मक लेखन)

Q6. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । **(5)**

(क) जीवन में योग का महत्त्व

(ख) समय की पाबंदी

(ग) आज की बचत, कल का सुख

****